## चाकूबाजी के 4 आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना पुलिस ने हडमतिया मेले में चाकूबाजी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने तीन युवकों पर चाकू से हमला किया था,जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का कस्बे में जुलूस निकाला,जहां उन्होंने उठक-बैठक लगाकर अपने कृत्य के लिए माफी मांगी।

इस अवसर पर दोवडा थानाधिकारी ने बताया कि बेन निवासी शंकरलाल ने 6 नवंबर को दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने साथियों के साथ 6 नवंबर को हडमतिया मेले में गए थे। मेले के दौरान चार युवकों ने उन पर और उनके साथियों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में शंकरलाल का दोस्त विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गयाए जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की। आरोपियों की धरपकड के लिए अलग-अलग टीमों ने उनके ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन शुरुआत में कोई सुराग नहीं मिला।

मुखबिर से सूचना मिली कि चारों बदमाश दराखांडा के जंगलों में छिपे हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने दराखांडा के जंगलों में दबिश दी और मौके से घटियाघरा फला पाल मांडव निवासी दिलीप परमार, चंदूलाल परमार, राहुल परमार और नालवडा निवासी सुनील मनात को हिरासत में ले लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर चारों आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# एग्रीकल्चर व लाइवस्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप पर राष्ट्रीय कांफ्रेन्स का शुभारंभ

**उदयपुर, (कासं)।** राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद), ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप पर तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेन्स का शुभारंभ मंगलवार को होटल ताज अरावली में कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यशाला में देश भर से विशेषज्ञ, नीति निर्माता, उद्यमी तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल हो रही हैं। कार्यशाला में कृषि एवं पशुधन उद्यमिता से ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने को लेकर मंथन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कार्यशाला में देश के समस्त राज्यों से आए हुए अतिथियों, अधिकारियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र व राज्य सरकारें निरंतर प्रयासरत हैं।




**फोटो-3उदयपुर में एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप पर तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेन्स का शुभारंभ कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने किया।**

उन्होंने कहा कि राजीविका का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन करना है। राज्य में 50.69 लाख ग्रामीण परिवारों को 4.25 लाख स्वयं सहायता समूहों, 31 हजार ग्राम संगठन एवं 1074 सीएलएफ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) से जोडकर उन्हें वित्तीय सहायता एवं प्रशिक्षणों के माध्यम से उनकी आजीविका बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। आजीविका संवर्धन के अन्तर्गत लगभग 39.38 लाख परिवार कृषि एवं पशुपालन आधारित गतिविधियों से जुड़कर काम कर रहे हैं। राजीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रू. 2099.95 करोड़ की राशि आजीविका संवर्धन हेतु एवं रू. 10342.96 करोड़ का बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया। महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री बढ़ाने के लिए जैम एवं अमेजॉन ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग किया जा रहा हैं एवं फ्लिपकार्ट, ई-सरस पर प्रोडक्ट्स की ऑनलाइन मार्केटिंग की जा रही हैं।

डॉ मीणा ने कहा कि 7037 महिला बिजनेस कॉरेस्पोडेंस द्वारा गाँवो में डोर स्टेप बैंकिग सर्विस पहुंचायी जा रही हैं, जिसमें खाते खोलना, रकम निकासी एवं जमा करना इत्यादि गतिविधियां हैं। विभिन्न जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर 254 कैंटीन प्रारम्भ की गई हैं जिसका संचालन राजीविका की महिलाओं द्वारा किया जा रहा हैं। उद्यम प्रोत्साहन के अन्तर्गत 54 हजार से अधिक महिला उद्यमों को स्थापित (सिलाई, ब्यूटी पार्लर, मसाला उधोग, हस्तशिल्प, किराना एवं लेडिज स्टोर इत्यादि) किया गया एवं प्रोत्साहन दिया गया है जिससें महिलाओं की आजीविका में वृद्धि हुई। 18,346 कृषकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से सोयाबीन व धनिया वैल्यूचौन विकसित करने हेतु रूपये 17.39 करोड़ की लागत से हाडौती महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन करके बारां एवं कोटा जिले के 18345 परिवारों को लाभान्वित किया गया हैं। कृषि एवं पशुपालन एवं गैर-कृषि गतिविधियों को बढावा देने हेतु 3366 उत्पादक समूहों का गठन किया गया जिसके माध्यम से 1.89 लाख परिवारों को कृषि एवं पशुपालन गतिविधियों में जोड़ा गया हैं। स्वयं सहायता समूहों की बिक्री को बढाने हेतु जयपुर, चुरू, श्रीगंगानगर, उदयपुर, अजमेर, अलवर, डुगरपुर, राजसमन्द, जोधपुर एवं कोटा जिलों में रिटेल स्टोर प्रारम्भ किए गए हैं।

> ■ **‘राजीविका का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन करना है’**

केबिनेट मंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना के अंतर्गत भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार अभी तक 796 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित किया जा चुके हैं, इन लखपति मास्टर ट्रेनर द्वारा 19.45 लखपति सीआरपी को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है। वर्तमान में 11.02 लाख महिलाओं को लखपति दीदी का प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं। राजस्थान महिला निधि के माध्यम से 39118 स्वयं सहायता समूहों की 125786 महिलाओं को राशि 555.77 करोड का ऋण उपलब्ध कराया गया। राजीविका अन्तर्गत ग्राम स्तर पर परियोजना क्रियान्वयन के सभी कार्य समूह की महिलाओं द्वारा ही किये जाते हैं, इन महिलाओं को कम्युनिटी कैडर कहा जाता है। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि अन्त्योदय का भाव अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान है। लखपति दीदी कार्यक्रम का मूल मंत्र अन्त्योदय ही है।

## सार-समाचार

### गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी का गोवा औद्योगिक दौरा



**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी ने औद्योगिक दौरे का आयोजन किया और ब्लू क्रॉस लेबोरेटरीज, गोवा का दौरा किया। उन्होंने हमें विभिन्न प्रयोगशालाओं में ले जाकर टैबलेट और सिरप की तैयारी और निर्माण, स्ट्रिप्स की पैकेजिंग आदि की कार्यशील मशीनरी का प्रदर्शन किया। कुल 5० छात्रों ने भाग लिया। औद्योगिक दौरे का आयोजन और प्रबंधन डॉ. कल्पेश गौर, बविता गौर, डॉ. नरेंद्र भीमराज परिहार और डॉ. चेतन मालवीय द्वारा किया गया था।

### रैली निकाली

**डूंगरपुर, (निसं)।** तपस शैक्षिक पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान, डूंगरपुर द्वारा विहार साबेला बाईपास नवाडेरा में संचालित तपस कॉलेज ऑफ स्पेशल एज्युकेशन के विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत में चाए जा रहे ‘‘तम्बाकु फ्री यूथ कैम्पेन 3.०’’ के तहत रैली निकाली।रैली के माध्यम से विद्यार्थियो ने युवाओं को तम्बाकू छोडने एवं तम्बाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जागरूकता प्रदान की गई। रैली के पश्चात् चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डूंगरपुर से परामर्शदाता ब्रजमोहन जाटव, कुलदीप कुमार चौधरी, हसनेन खान ने विद्यार्थियों को तम्बाकू सेवन न करने एवं अपने परिचितों को भी तम्बाकू सेवन करने से रोकने की शपथ दिलवाई। परामर्शदाता ब्रजमोहन जाटव ने बताा की उक्त ‘‘तम्बाकु फ्री यूथ कैम्पेन 3.०’’ के अन्तर्गत भारत सरकार के द्वारा ०6 प्रमुख रणनितियां निर्धारित की गई है जिसमें तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के संबंध में जन-जागरूकता,तम्बाकू मुक्त षिक्षण संस्था गाईड लाइन की पालना,तम्बाकू मुक्त ग्राम, सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2००3 तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम 2०19 के प्रावधानों के अन्तर्गत एनफॉर्समेन्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस जन- जागरूकता तथा तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श एवं एन्फोंमेन्ट आदि के सम्बंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयेजन शामिल है।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**भीम, (निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमन्द अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल एवं तालुका विधिक सेवा समिति, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, भीम मनीवालिया के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर सचिव तालुका विधिक सेवा समिति भीम सत्यप्रकाश त्रिपाठी के द्वारा स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉर्डन स्कूल भीम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव तालुका विधिक सेवा समिति, भीम सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षा वह कुंजी है जो अज्ञानता रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान रूपी प्रकाश फैलाती है। वह मनुष्य को पशु से अलग करती है, क्योंकि शिक्षा से ही हमें सोचने, समझने और सही निर्णय लेने की क्षमता प्राप्त होती है जिससे मनुष्य को यह ज्ञान होता है कि क्या सही है और क्या गलत है। शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिठाी प्राप्त करना ही नहीं बल्कि मनुष्य के चरित्र का विकास करना और उसे एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

### महिला की संदिग्धावस्था में मौत

**भीम, (निसं)।** पुलिस थाना अंतर्गत कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड पर मारपीट के मामले में एक महिला की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। धोलादांता बराखन निवासी जितेंद्रसिंह पिता भवरसिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी लीला देवी रोडवेज बस स्टैंड पर निवास करती हैं।10 नवंबर 2025 को दोपहर करीब 2 बजे गमनसिंह उर्फ गुमानसिंह पिता भवर सिंह निवासी धोलादांता बराखन भीम रोडवेज बस स्टैंड स्थित मेरी पत्नी के घर पर हाथों में लठ व सरिया लेकर आया और लीला देवी के साथ मारपीट कर हत्या कर दी तथा 108 एंबुलेंस से भीम अस्पताल में ले गया और फरार हो गया। भीम की भंवर लाल कुमावत ने बताया कि महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत होने के मामले में परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है तथा शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### यूनिटी मार्च का आयोजन आज

**उदयपुर,(कासं)।** देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देश भर में आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सरदाार एट150 अभियान के अंतर्गत बुधवार को शहर में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। मार्च प्रातः 7 बजे टाउन हॉल से प्रारंभ होगा, जो शहीद स्मारक, बापू बाजार, सूरजपोल, झीनीरेत चौक, मार्शल चौराहा, धानमंडी, तीज का चौक, देहली गेट होते हुए पुनः बापू बाजार से टाउन हॉल पर संपन्न होगा।

## डॉ. मेधा माथुर एक्जीक्यूटिव काउंसिल मेंबर चयनित



**डॉ. मेधा माथुर को राजस्थान आईएपीएसएम. स्टेट काउंसिल की एक्जीक्यूटिव काउंसिल मेंबर चयनित किया गया।**

**उदयपुर, (कासं)।** डॉ. मेधा माथुर, प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन, गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर ने 7 व 8 नवम्बर को जयपुर में आयोजित 14वीं आईएपीएसएम राजकॉन कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। उन्हें राजस्थान के इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन स्टेट काउंसिल की एक्जीक्यूटिव काउंसिल मेंबर के रूप में उदयपुर जोन से चुना गया। डॉ. मेधा माथुर ने कॉन्फ्रेंस में फ्रॉम इनोवेशन टू इन्क्यूबेशनः बिल्डिंग हेल्थकेयर स्टार्टअप्स विषय पर आयोजित पैनल डिस्कशन में मॉडरेटर के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही उन्होंने यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चैटबॉट इन डायबिटीज पेशेंट्स विषय पर शोध कार्य प्रस्तुत किया। कॉन्फ्रेंस में डॉ. हरलीन सिंह, पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट, डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन ने वैक्सीन हेजिटेंसी अमंग अर्बन स्लम एडल्ट्स ऑफ उदयपुर डिस्ट्रिक्ट विषय पर पोस्टर प्रेजेंटेशन में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## ‘संतों ने साहित्य से समाज को एकता, समरसता व सौहार्द की दिशा दी’

**उदयपुर (कासं)।** गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के संत साहित्य अध्ययन केंद्र की ओर से मंगलवार को संस्थान के सभागार में 'भारतीय संत साहित्य एवं आध्यात्मिक चेतना' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन में राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय संत परंपरा ने समाज में सामाजिक चेतना, आध्यात्मिक उन्नति और मानवीय मूल्यों के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि संतों ने अपने साहित्य के माध्यम से समाज को एकता, समरसता और सौहार्द की दिशा प्रदान की। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि संत काव्य में निहित लोकधर्म और मानवता का संदेश जाति, पंथ और धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर भक्ति और मन की शुद्धि की प्रेरणा देता है। संत कवियों-कबीर, नामदेव, मीरा, चैतन्य महाप्रभु, तुलसीदास और नाथपंथ की परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन संतों ने अपने आचार, विचार और साहित्य के माध्यम से समाज में समानता, सहअस्तित्व और सद्भाव की भावना को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि संत साहित्य केवल भक्ति का नहीं, बल्कि समाज सुधार, स्त्री स्वतंत्रता, अद्वैत दर्शन, निर्गुण-सगुण भक्ति और ज्ञानमार्ग का भी प्रेरणास्त्रोत रहा है।



**दयपुर में भारतीय संत साहित्य एवं आध्यात्मिक चेतना विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई।**

संगोष्ठी में प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. ओमप्रकाश पांडे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, कुलपति प्रो. रामाशंकर दूबे ,अध्यक्ष प्रो. राजेश मकवाना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। देशभर से आए विद्वानों, शोधार्थियों और प्रतिभागियों ने इस आयोजन में भाग लेकर संत साहित्य की समृद्ध परंपरा पर विमर्श किए कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रेमलता देवी द्वारा अनुवादित पुस्तक फ्लाइंग मार्बल का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। निजी सचिव कृष्ण कांत कुमावत ने बताया कि समारोह में उपस्थित अतिथियों का विद्यापीठ की ओर से कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने पगडी, उपरणा पहना एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## स्टील फर्नीचर शोरूम में लगी आग

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर में मंगलवार सुबह बोहरा स्टील फर्नीचर शोरूम में अचानक आग लग गई। सुबह करीब 9 बजे धुआं उठता देख लोगों ने शोरूम मालिक को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर जब मालिक ने आग की लपटें देखीं तो हड़कंप मच गया।

इस दौरान सैकड़ों लोग एकत्रित हो गये, फायर ब्रिगेड का सूचना देने के करीब 45 मिनिट बाद घटना स्थल पर पहुंची, हालांकि फायर ब्रिगेड के आने से कुछ ही मिनिटों पर आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान पुलिस जाप्ता और प्रशासनिक अमला भी मौके पर उपस्थित रहा। शोरूम में सुबह करीब 7-8 बजे अचानक आग लगी, जिसका धूंआ धीरे-धीरे बाहर निकलना शुरू हुआ तो लोगों को भनक लगी और मौके पर दौडे। सूचना पाकर शोरूम मालिक तुंरत मौके पर पहुंच करके अंदर प्रवेश किया तो नजारा भयावक था। आग की लपटों को देखकर शोरूम मालिक घबरा गया। स्टील बर्तन सेक्शन जलकर राख हो रहा था।आग पर काबू पाने के लिए भीण्डर नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन करीब 45 मिनट की देरी से मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड आने से पहले नागरिकों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस दौरान आसपास के बैंकों से अग्निशमन यंत्र लाकर भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन जैसे ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तो उससे कुछ ही मिनिटों पर आग पर काबू पा लिया, जिससे आग लकडी के फर्नीचर की तरफ नहीं पहुंची।

## 108 एम्बुलेंस में महिला ने बेटी को दिया जन्म

**डूंगरपुर, (निसं)।** 108 एम्बुलेंस में एक प्रसूता का सुरक्षित प्रसव कराया गया। जिला अस्पताल जा रही प्रसूता को रास्ते में लेबर पेन बढने पर एम्बुलेंस के ईएमटी और पायलट ने यह सफल प्रसव करवाया। प्रसव के बाद जच्चा.बच्चा दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी रजत चौहान ने बताया कि जयपुर से एक कॉल आई थी। इसमें गामडी अहाडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी से एक प्रसूता को डूंगरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया था।

पायलट सत्यनारायण लबाना और ईएमटी रजत चौहान एम्बुलेंस लेकर गामडी सीएचसी पहुंचे।वहां डॉ.लोकेश ने महिपालपुरा निवासी प्रसूता सुमित्रा कटारा को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया। एम्बुलेंस प्रसूता को लेकर जिला अस्पताल के लिए रवाना हुई। रास्ते में बलवाडा के पास प्रसूता को लेबर पेन तेज होने लगा।

## ‘जब तक युवा जागृत नहीं होगा तब तक समाज सशक्त नहीं हो सकता’

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान द्वारा 11 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले विवाह योग्य युवक युवति परिचय सम्मेलन को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक अग्रसेन नगर स्थित अग्रसेन भवन में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष केके गुप्ता के मुख्य सानिध्य मेंसंपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल ने की। बैठक में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल उपाध्यक्ष वीणा अग्रवाल कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुरेश अग्रवाल, संयोजक नरेंद्र अग्रवाल जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान के महामंत्री चंचल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट सत्यनारायण गुप्ता, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती सुशीला गुप्ता, युवा सम्मेलन के संरक्षक डॉ नवनीत अग्रवाल, घनश्याम मंगल, भजनलाल गोयल कुसुम मेडतिया अंजना मित्तल राजेश अग्रवाल सुशील अग्रवाल प्रिया मित्तल हनुमान गुप्ता हिम कुमार एरन, कमलेश गुप्ता,मनोज बंसल डॉक्टर सुहास अग्रवाल विमल मंगल सुरेंद्र अग्रवाल पीनू अग्रवाल चित्रा अग्रवाल नितेश अग्रवाल हनुमान गुप्ता राजेश अग्रवाल रेखा अग्रवाल एन के अग्रवाल विनय, सुषमा झुनझुनवाला आदि ने विभिन्न विषयों जैसे प्रचार प्रसार डिजिटल पोस्टर घर-घर संपर्क परिचय सम्मेलन के फॉर्म को व्यवस्थित रूप से पहूंचाने, आयोजन स्थल की व्यवस्था विभिन्न कमेटियों के गठन का सुझाव प्रदेश एवं पडोसी राज्यों में विभिन्न जिलों में समाज के बंधुओं का प्रवास, विवाह योग्य युवक यूवतियों की फोटो युक्त प्रकाशन होने वाली परिचय पुस्तिका के बारे में अपनेअपने विचार रखें।

मुख्य संयोजक सुरेश अग्रवाल ने बताया कि अगले वर्ष जनवरी माह की 11 तारीख को हिरण मगरी सेक्टर 13 स्थित आशीष वाटिका के भव्य परिसर में प्रातः से शाम तक एक दिवसीय विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसके फॉर्म राजस्थान प्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्षों के पास भिजवा दिए गए हैं और भी इन फॉर्म को वितरण करने की व्यवस्था की जा रही है। अधिक से अधिक संबंधित व्यक्तियों के पास इस सम्मेलन की जानकारी पहुंचे और उनकी सहभागिता हो इसकी व्यवस्था की जा रही है।मुख्य वक्ता के के गुप्ता ने उपस्थित समाज बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि परिचय सम्मेलन का ऐसा आयोजन किया जायेगा और उसमें दो हजार से भी अधिक विवाह योग्य युवक युवतियों की सहभागिता करने के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं उदयपुर संभाग ही नहीं अपितु संपूर्ण राजस्थान में यह सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। इससे समाज एकजुट तो होगा ही सशक्त भी होगा। उन्होंने कहा कि अब तक का सबसे बडा और भव्य परिचय सम्मेलन होगा। उन्होंने कहा कि जब तक समाज का युवा जागृत नहीं होगा तब तक समाज सशक्त नहीं हो सकता उसकी प्रगति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि एक ऐसा अवसर आया है जिसके अंतर्गत हम सब पूरी एकजुटता के साथ समाज के सभी समूह एकमुखी होकर आगे बढकर इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी ले। गुप्ता ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर तय जोडो के विवाह का भी सामूहिक आयोजन करने का प्रयास किया जाएगा।

## अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**कपासन, (निसं)।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 लाख रुपये की अवैध शराब, बीयर और एक लग्जरी कार जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई उदयपुर रेंज के महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव और जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी विरोधी अभियान के तहत की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह और डीएसपी हरजी लाल के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में कपासन पुलिस टीम ने यह कार्रवाई अंजाम दी। मुखबिर की सूचना पर कपासन पुलिस की टीम, जिसमें एएसआई दुर्गालाल, सुभाष चंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल लालाराम, कांस्टेबल सुशील,



**पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में दो जने गिरफ्तार किये।**

भंवरलाल, चैनाराम और कुंज शामिल थे ने देर रात ठाम पाण्डोली में नाकाबंदी कर एक लग्जरी कार को रोका। कार में राशमी थाना क्षेत्र के उपरेड़ा गांव निवासी रामलाल (36) पुत्र मांगीलाल और स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी विष्णु (27) पुत्र उदयराम जाट सवार थे। तलाशी के दौरान कार से विभिन्न ब्रांडों की महंगी अंग्रेजी शराब और बीयर के कुल 53 कार्टून बरामद किए गए।

## 20 सूत्रीय व फ्लेगशिप कार्यक्रम की बैठक

**बांसवाड़ा, (निसं)।** बीस सूत्रीय एवं स्टेट फ्लेगशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता में सूचना एवं प्रौद्योगिकी संचार के वीसी कक्ष में बैठक हुई। बैठक में अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद कैलाश बारोलिया, पीएचईडी जेके चारण, महाप्रबंधक उद्योग विभाग हितेश कुमार जोषी सम्मिलित रहे।

मुख्य आयोजना अधिकारी सत्येंद्र कुमार शाह ने योजनाओं के प्रमुख घटकों की बिन्दुवार समीक्षा की। अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी। जिला कलक्टर ने आवास योजना की तीसरीएवं प्रथम किष्त के बारे में पंचायत समितिवार ग्राम विकास अधिकारी से विश्लेषण कर प्रगति लाने के निर्देष दिये। एनएफएसए में रसद अधिकारी ने अवगत कराया कि 30 हजार की उपलब्धि प्राप्त की जिस पर उन्हें रोजाना विभागीय ग्रुप में प्रगति रिपोर्ट भेजना सुनिष्चित करने, विद्युत विभाग की घटको की प्रगति न्यून होने से जिला कलक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय ठेकेदारो को ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही करने, जल जीवन मिशन में पंचायतीराज विभाग एवं जल संसाधन विभाग की बैठक आयोजित करने के निर्देष दिए। लाडो प्रोत्साहन योजना में कलक्टर ने विभागीय अधिकारी से जानकारी चाही कि किस ब्लॉक की प्रगति न्यून है।


PARIVARTAN Together we can | पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

एआरएमबी ( 824400 ) 2, नेहरू प्लेस, टोंक रोड़, जयपुर
ई-मेलः cs8244@pnb.co.in

**अचल सम्पत्तियों की विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
सर्व-साधारण को और विशेष रूप से ऋणियों/जमानतदारों को विशेषतः यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का अधिग्रहण रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक रूप से पंजाब नैशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ‘‘जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है’’ को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि, ऋणियों/जमानतदारों से पंजाब नैशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार की बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि ( धरोहर राशि ) संबंधित सम्पत्ति के आगे नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

**सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची**

| लॉट नं. | शाखा कार्यालय / खाते का नाम / ऋणियों/जमानतियों का नाम व पता | बंधक सम्पत्तियों का विवरण ( बंधककर्त्ता का नाम ) | (ए) 13( 2 ) नोटिस की दिनांक / (बी) बकाया ऋण राशि दिनांक 31.10.2025 तक / (सी) कब्जा दिनांक / (डी) कब्जे का प्रतीक सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक | (ए) आरक्षित मूल्य / (बी) धरोहर राशि / (सी) बोली वृद्धि राशि / (डी) निरीक्षण की दिनांक एवं समय | ई-नीलामी दिनांक व समय | प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात भार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीएनबी-062300-डूंगरपुर<br>मैसर्स कृष्णा आयरन एण्ड फर्नीचर सेन्टर<br>मैसर्स कृष्णा आयरन एण्ड फर्नीचर सेन्टर जरिये प्रोपराईटर श्री मुकेश पांचाल पुत्र श्री मांगीलाल पांचाल इंदिरा कॉलोनी, जिला डूंगरपुर, राजस्थान 314001 ( ऋणी एवं प्रोपराईटर ) श्री सुरेश पांचाल पुत्र श्री मांगीलाल पांचाल इंदिरा कॉलोनी, जिला डूंगरपुर, राजस्थान 314001 ( जमानतदार ) | साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन, ढांचा, निर्माण, इंस्टॉलेशन्स आदि जो गांव बलवाड़ा, खसरा नं. 6942/1, बलवाड़ा-गुगरा रोड़, तहसील एवं जिला डूंगरपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 1620 वर्ग मीटर है। सीमाएं- पूर्वः पीडब्ल्यूडी रोड़, पश्चिमः बाबूलाल की भूमि एवं मकान, उत्तरः गाँव की सड़क एवं अन्य कृषि भूमि, दक्षिणः पीडब्ल्यूडी रोड़ | ए ) 18.10.2023<br>बी ) रू. 61,42,368.70 + आगे का ब्याज + खर्चे<br>सी ) 18.12.2023<br>डी ) सांकेतिक कब्जा | ए ) रू. 26,49,070/-<br>बी ) रू. 2,64,907/- ( ईएमडी जमा करवाने की दिनांक 04.12.2025 को रात्रि 11.59 बजे तक )<br>सी ) रू. 30,000/-<br>डी ) 28.11.2025 को सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक | 05.12.2025 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं |
| 2. | 472100- उदयपुर, संत टेरेसा आश्रम<br>श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द शर्मा<br>श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द शर्मा 41, रेलवे अस्पताल के पीछे, वार्ड नंबर 12, तहसील- गिर्वा, उदयपुर, राजस्थान 313001 एवं ऑफिस नं. 554, तीसरी मंजिल, एस एम लोढ़ा कॉम्पलेक्स, शास्त्री सर्कल, कोर्ट चौराहा, उदयपुर, राजस्थान - 313001 एवं बी-88, विभूति इंटरप्राइजेज, उदय विहार, रीको कॉलोनी, मादडी, उदयपुर, राजस्थान 313001 एवं प्लॉट नं. 10 सी, नया खेड़ा, सर्वोदय विहार, बलीचा, उदयपुर, राजस्थान, 313002 | श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र शर्मा के नाम साम्यिक बंधक वाणिज्यिक संपत्ति जो कार्यालय संख्या 554, तीसरी मंजिल, एस एम लोढ़ा कॉम्पलेक्स, शास्त्री सर्कल, कोर्ट चौराहा मार्ग, उदयपुर, राजस्थान 313001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 153 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्वः कार्यालय संख्या 555 ( पारस राम जी तेली ), पश्चिमः बालकनी, उत्तरः कॉरिडोर, दक्षिणः राकेश जी का कार्यालय | ए ) 04.03.2022<br>बी ) रू. 41,86,318.19 + आगे का ब्याज + खर्चे<br>सी ) 29.07.2022<br>डी ) सांकेतिक कब्जा | ए ) रू. 11,45,000/-<br>बी ) रू. 1,14,500/- ( ईएमडी जमा करवाने की दिनांक 04.12.2025 को रात्रि 11.59 बजे तक )<br>सी ) रू. 20,000/-<br>डी ) 28.11.2025 को सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक | 05.12.2025 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं |

**शर्तें व निबन्धन-** बिक्री प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम 2002 में निम्नलिखित शर्तों और निबन्धनों के अधीन होगी। 1. सम्पत्तियों को ‘‘जो जहाँ है, जो जैसा है, और जो कुछ भी हैं’’ के रूप में बेचा जाएगा। 2. इस अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की प्राप्त पूर्ण जानकारी के अनुसार ही प्रतिभूत आस्तियों को उपर दिखाई गई तालिका के अनुसार बेचा जाएगा, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. उपरोक्त बिक्री https://baanknet.com की वेबसाइट पर उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक 05.12.2025 को सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक ई नीलामी के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी। 4. विक्रय की विस्तृत जानकारी हेतु व निबन्धन और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com एवं www.pnbindia.in देखें।

दिनांकः 06.11.2025
स्थानः जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, सुरक्षित ऋणदाता

सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8( 6 ) एवं 9( 1 ) के अधीन विक्रय की वैधानिक सूचना